بِسْمِ اللَّهِ الرَّحْمَٰنِ الرَّحِيمِ

# फातिहा का तरीका

Fatiha Ka Tarika

स्टेप बाय स्टेप पूरी जानकारी

अरबी · रोमन · हिंदी अनुवाद सहित

11 आसान स्टेप्स

BlessingRead.com

स्टेप 1

## 3 बार दरूद शरीफ पढ़ें

फातिहा की शुरुआत दरूद शरीफ से होती है। नीचे दरूद इब्राहीम 3 बार पढ़ें।

اَللّٰهُمَّ صَلِّ عَلٰى مُحَمَّدٍ وَّعَلٰٓى اٰلِ مُحَمَّدٍ كَمَا صَلَّيْتَ عَلٰٓى اِبْرَاهِيْمَ وَعَلٰى اٰلِ اِبْرَاهِيْمَ اِنَّكَ حَمِيْدٌ مَّجِيْدٌ

**ROMAN:** *Allahumma Salli Ala Muhammadin Wa Ala Aali Muhammadin Kama Sallaita Ala Ibrahima Wa Ala Aali Ibrahima Innaka Hamidum Majeed.*

हिंदी: अल्लाहुम्मा सल्लल्ल अला मुहम्मदिन व अला आलि मुहम्मदिन कमा सल्लैता अला इब्राहीमा व अला आलि इब्राहीमा इन्नका हमीदुम मजीद।

**अर्थ:**

ऐ अल्लाह! मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैह वसल्लम) पर और उनकी आल पर रहमत नाज़िल फरमा, जैसे तूने इब्राहीम (अलैहस्सलाम) पर और उनकी आल पर रहमत नाज़िल फरमाई। बेशक तू तारीफ वाला और बड़ाई वाला है।

स्टेप 2

## तावूज़ और बिस्मिल्लाह पढ़ें

أَعُوذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطَانِ الرَّجِيمِ

**ROMAN:** *A'uzu Billahi Minash Shaitanir Rajeem.*

हिंदी: अऊजुबिल्लाहि मिनश शैतानिर्रजीम।

**अर्थ:**

मैं शैतान मरदूद से अल्लाह की पनाह मांगता हूं।

بِسْمِ اللَّهِ الرَّحْمَٰنِ الرَّحِيمِ

**ROMAN:** *Bismillahir Rahmanir Raheem.*

हिंदी: बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम।

**अर्थ:**

अल्लाह के नाम से शुरू जो बड़ा मेहरबान और निहायत रहम वाला है।

**स्टेप 3** 
## 1 बार सूरह काफिरून पढ़ें

قُلْ يَٰٓأَيُّهَا ٱلْكَٰفِرُونَ ۙ لَآ أَعْبُدُ مَا تَعْبُدُونَ ۙ وَلَآ أَنتُمْ عَٰبِدُونَ مَآ أَعْبُدُ ۙ وَلَآ أَنَا۠ عَابِدٌ مَّا عَبَدتُّمْ ۙ وَلَآ أَنتُمْ عَٰبِدُونَ مَآ أَعْبُدُ ۚ لَكُمْ دِينُكُمْ وَلِىَ دِينِ

**ROMAN:** *Qul Ya Ayyuhal Kafiroon. La A'budu Ma Ta'budoon. Wa La Antum Abidoona Ma A'bud. Wa La Ana Abidun Ma Abadtum. Wa La Antum Abidoona Ma A'bud. Lakum Deenukum Wa Liya Deen.*

**हिंदी:** कुल या अय्युहल काफिरून। ला अबुदु मा तअबुदून। व ला अन्तुम आबिदूना मा अबुद। व ला अना आबिदुन मा अबदत्तुम। व ला अन्तुम आबिदूना मा अबुद। लकुम दीनुकुम व लिय दीन।

**अर्थ:**
कह दो कि ऐ काफिरों! मैं उसकी इबादत नहीं करता जिसकी तुम इबादत करते हो। और न तुम उसकी इबादत करने वाले हो जिसकी मैं इबादत करता हूं। न मैं उसका बंदा हूं जिसकी तुमने बंदगी की। और न तुम उसके बंदे हो जिसकी मैं बंदगी करता हूं। तुम्हारे लिए तुम्हारा दीन और मेरे लिए मेरा दीन।

**स्टेप 4** 
## 3 बार सूरह इखलास पढ़ें

قُلْ هُوَ ٱللَّهُ أَحَدٌ ۙ ٱللَّهُ ٱلصَّمَدُ ۙ لَمْ يَلِدْ وَلَمْ يُولَدْ ۙ وَلَمْ يَكُن لَّهُۥ كُفُوًا أَحَدٌ

**ROMAN:** *Qul Huwal Laahu Ahad. Allaahus Samad. Lam Yalid Wa Lam Yuulad. Wa Lam Yakul Lahuu Kufuwan Ahad.*

**हिंदी:** कुल हुवल्लाहु अहद। अल्लाहुस्समद। लम यलिद वलम यूलद। वलम यकुल लहु कुफुवन अहद।

**अर्थ:**
कह दो कि अल्लाह एक है। अल्लाह बेनियाज़ है। न उसने किसी को जना और न वह किसी से जना। और उसके बराबर कोई नहीं।

सूरह इखलास को 3 बार पढ़ना पूरे कुरान की तिलावत के बराबर सवाब रखता है।

स्टेप 5

## 1 बार सूरह फलक पढ़ें

قُلْ أَعُوذُ بِرَبِّ ٱلْفَلَقِ ۙ مِن شَرِّ مَا خَلَقَ ۙ وَمِن شَرِّ غَاسِقٍ إِذَا وَقَبَ ۙ وَمِن شَرِّ ٱلنَّفَّٰثَٰتِ فِى ٱلْعُقَدِ ۙ وَمِن شَرِّ حَاسِدٍ إِذَا حَسَدَ

**ROMAN:** *Qul A'uzu Birabbil Falaq. Min Sharri Ma Khalaq. Wa Min Sharri Ghasiqin Iza Waqab. Wa Min Sharrin Naffasati Fil Uqad. Wa Min Sharri Hasidin Iza Hasad.*

हिंदी: कुल अऊज़ु बिरब्बिल फलक। मिन शर्रि मा खलक। व मिन शर्रि गासिकिन इज़ा वकब। व मिन शर्रिन नफ्फासाति फिल उकद। व मिन शर्रि हासिदिन इज़ा हसद।

**अर्थ:**

कह दो कि मैं सुबह के रब की पनाह मांगता हूं। उसकी तमाम मखलूक के शर से। अंधेरे की तारीकी के शर से। गांठों में फूंकने वालियों के शर से। और हसद करने वाले के शर से जब वह हसद करे।

स्टेप 6

## 1 बार सूरह नास पढ़ें

قُلْ أَعُوذُ بِرَبِّ ٱلنَّاسِ ۙ مَلِكِ ٱلنَّاسِ ۙ إِلَٰهِ ٱلنَّاسِ ۙ مِن شَرِّ ٱلْوَسْوَاسِ ٱلْخَنَّاسِ ۙ ٱلَّذِى يُوَسْوِسُ فِى صُدُورِ ٱلنَّاسِ ۙ مِنَ ٱلْجِنَّةِ وَٱلنَّاسِ

**ROMAN:** *Qul A'uzu Birabbin Nas. Malikin Nas. Ilahin Nas. Min Sharril Waswaasil Khannas. Allazi Yuwaswisu Fi Sudurin Nas. Minal Jinnati Wan Nas.*

हिंदी: कुल अऊज़ु बिरब्बिन्नास। मालिकिन्नास। इलाहिन्नास। मिन शर्रिल वस्वासिल खन्नास। अल्लज़ी युवस्विसु फी सुदूरिन्नास। मिनल जिन्नति वन्नास।

**अर्थ:**

कह दो कि मैं इंसानों के रब की पनाह मांगता हूं। इंसानों के बादशाह की। इंसानों के माबूद की। वसवसे डालने वाले छुपने वाले के शर से। जो इंसानों के दिलों में वसवसे डालता है। जिन्नों में से हो या इंसानों में से।

स्टेप 7

## 1 बार सूरह फातिहा पढ़ें

بِسْمِ ٱللَّهِ ٱلرَّحْمَٰنِ ٱلرَّحِيمِ ۝ ٱلْحَمْدُ لِلَّهِ رَبِّ ٱلْعَٰلَمِينَ ۝ ٱلرَّحْمَٰنِ ٱلرَّحِيمِ ۝ مَٰلِكِ يَوْمِ ٱلدِّينِ ۝ إِيَّاكَ نَعْبُدُ وَإِيَّاكَ نَسْتَعِينُ ۝ ٱهْدِنَا ٱلصِّرَٰطَ ٱلْمُسْتَقِيمَ ۝ صِرَٰطَ ٱلَّذِينَ أَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۝ غَيْرِ ٱلْمَغْضُوبِ عَلَيْهِمْ وَلَا ٱلضَّآلِّينَ

**ROMAN:** *Bismillahir Rahmanir Raheem. Alhamdu Lillahi Rabbil Alameen. Ar Rahmanir Raheem. Maliki Yaumid Deen. Iyyaka Na'budu Wa Iyyaka Nastaeen. Ihdinas Siratal Mustaqeem. Siratal Lazeena An'amta Alaihim. Ghairil Maghdubi Alaihim Wa Lad Dalleen.*

**हिंदी:** बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम। अल्हम्दु लिल्लाहि रब्बिल आलमीन। अर्रहमानिर्रहीम। मालिकि यौमिद्दीन। इय्याक नअबुदु व इय्याक नस्तईन। इह्दिनस्सिरातल मुस्तकीम। सिरातल लज़ीना अनअमत अलैहिम। गैरिल मगज़ूबि अलैहिम वलज्जाल्लीन।

> **अर्थ:**
>
> शुरू अल्लाह के नाम से जो बड़ा मेहरबान और निहायत रहम वाला है। तमाम तारीफें अल्लाह के लिए जो सारे जहानों का पालने वाला है। बड़ा मेहरबान और निहायत रहम वाला। रोज़े जज़ा का मालिक। हम तेरी ही इबादत करते हैं और तुझ ही से मदद मांगते हैं। हमें सीधा रास्ता दिखा। उन लोगों का रास्ता जिन पर तूने इनाम किया। न उनका रास्ता जिन पर गज़ब हुआ और न गुमराहों का।

## स्टेप 8 सूरह बकरा की शुरुआती आयतें और आयतुल कुर्सी पढ़ें

सूरह बकरा की पहली 5 आयतें पढ़ें, फिर आयतुल कुर्सी।

اَللّٰهُ لَآ اِلٰهَ اِلَّا هُوَ ۚ اَلْحَيُّ الْقَيُّوْمُ ۚ لَا تَاْخُذُهٗ سِنَةٌ وَّلَا نَوْمٌ ۚ لَهٗ مَا فِي السَّمٰوٰتِ وَمَا
فِي الْاَرْضِ ۗ مَنْ ذَا الَّذِيْ يَشْفَعُ عِنْدَهٗٓ اِلَّا بِاِذْنِهٖ ۚ يَعْلَمُ مَا بَيْنَ اَيْدِيْهِمْ وَمَا خَلْفَهُمْ ۚ
وَلَا يُحِيْطُوْنَ بِشَيْءٍ مِّنْ عِلْمِهٖٓ اِلَّا بِمَا شَآءَ ۚ وَسِعَ كُرْسِيُّهُ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضَ ۚ وَلَا
يَـُٔوْدُهٗ حِفْظُهُمَا ۚ وَهُوَ الْعَلِيُّ الْعَظِيْمُ

**ROMAN (AYATUL KURSI):** *Allahu La Ilaha Illa Huwal Hayyul Qayyum. La Ta'khuzuhu Sinatun Wa La Nawm. Lahu Ma Fis Samawati Wa Ma Fil Ard. Man Zal Lazee Yashfa'u Indahu Illa Bi Iznih. Ya'lamu Ma Baina Aideehim Wa Ma Khalfahum. Wa La Yuhitoona Bishai'im Min Ilmihi Illa Bima Sha. Wasi'a Kursiyyuhus Samawati Wal Ard. Wa La Ya'uduhu Hifzuhuma. Wa Huwal Aliyyul Azeem.*

**हिंदी:** अल्लाहु ला इलाह इल्ला हुवल हय्युल कय्यूम। ला तअखुज़ुहु सिनतुन वला नौम। लहु मा फिस्समावाति वमा फिल अर्ज़। मन ज़ल्लज़ी यशफउ इन्दहु इल्ला बि इज़निह। यअलमु मा बैना अयदीहिम वमा खल्फहुम। वला युहीतूना बिशैइम मिन इल्मिहि इल्ला बिमा शा। वसिअ कुर्सिय्युहुस्समावाति वल अर्ज़। वला यऊदुहु हिफ़्ज़ुहुमा। वहुवल अलिय्युल अज़ीम।

**अर्थ:**

अल्लाह जिसके सिवा कोई माबूद नहीं, जो हमेशा से ज़िंदा और सब कुछ संभालने वाला है। उसे न ऊंघ आती है न नींद। जो कुछ आसमानों में है और जो कुछ ज़मीन में है सब उसी का है। कोई नहीं जो उसकी इज़ाज़त के बगैर उसके सामने सिफारिश कर सके। वह जानता है जो उनके सामने है और जो उनके पीछे है। और वे उसके इल्म में से कुछ भी नहीं जान सकते सिवाय उसके जो वह चाहे। उसकी कुर्सी आसमानों और ज़मीन को घेरे हुए है और उनकी हिफाज़त उसे थकाती नहीं। और वह बहुत बुलंद और बड़ा है।

## स्टेप 9 फातिहा के बाद दुआ करें

तमाम सूरतें पढ़ने के बाद दोनों हाथ उठाएं और दिल से दुआ करें:

- या अल्लाह! इस तिलावत में जो खता हुई हो उसे माफ फरमा और इसे कबूल फरमा।
- या अल्लाह! इस फातिहाखानी को हुज़ूर (सल्लल्लाहु अलैह वसल्लम) की बारगाह में तोहफे के तौर पर पेश करते हैं, इसे कबूल फरमा।
- या अल्लाह! इस फातिहाखानी का सवाब तमाम अंबिया, सहाबा, अहलेबैत, औलिया और तमाम नेक बंदों की रूहों को पहुंचा।
- या अल्लाह! इस फातिहाखानी का सवाब (यहां मरहूम का नाम लें) की रूह को पहुंचा और उन्हें जन्नत में आला दर्जा अता फरमा।
- या अल्लाह! हमारे घरों में खैर और बरकत अता फरमा।
- या अल्लाह! हमारे वालदैन की मगफिरत फरमा।
- या अल्लाह! तमाम मुसलमानों की मगफिरत फरमा।
- या अल्लाह! जो बीमार हैं उन्हें मुकम्मल शिफा अता फरमा।
- या अल्लाह! जो परेशान हैं उनकी परेशानी दूर फरमा।
- **आमीन, सुम्मा आमीन।**

## स्टेप 10 फातिहा पूरी करने की दुआ पढ़ें

سُبْحَانَ رَبِّكَ رَبِّ الْعِزَّةِ عَمَّا يَصِفُونَ ۚ وَسَلَامٌ عَلَى الْمُرْسَلِينَ ۚ وَالْحَمْدُ لِلَّهِ رَبِّ الْعَالَمِينَ

**ROMAN:** *Subhana Rabbika Rabbil Izzati Amma Yasifoon. Wa Salamun Alal Mursaleen. Wal Hamdu Lillahi Rabbil Alameen.*

हिंदी: सुब्हाना रब्बिक रब्बिल इज़्ज़ति अम्मा यसिफून। वसलामुन अलल मुर्सलीन। वल्हम्दुलिल्लाहि रब्बिल आलमीन।

**अर्थ:**

तेरा रब इज़्ज़त वाला रब उन बातों से पाक है जो वे कहते हैं। और सलामती हो तमाम पैगंबरों पर। और तमाम तारीफें अल्लाह के लिए जो सारे जहानों का रब है।

## स्टेप 11 आखिर में 3 बार दरूद शरीफ पढ़ें

जैसे फातिहा की शुरुआत दरूद शरीफ से की थी, उसी तरह आखिर में भी 3 बार दरूद इब्राहीम पढ़कर फातिहा खत्म करें।

اَللّٰهُمَّ صَلِّ عَلٰى مُحَمَّدٍ وَّعَلٰٓى اٰلِ مُحَمَّدٍ كَمَا صَلَّيْتَ عَلٰٓى اِبْرَاهِيْمَ وَعَلٰى اٰلِ اِبْرَاهِيْمَ اِنَّكَ حَمِيْدٌ مَّجِيْدٌ

**ROMAN:** *Allahumma Salli Ala Muhammadin Wa Ala Aali Muhammadin Kama Sallaita Ala Ibrahima Wa Ala Aali Ibrahima Innaka Hamidum Majeed.*

**हिंदी:** अल्लाहुम्मा सल्लल्ल अला मुहम्मदिन व अला आलि मुहम्मदिन कमा सल्लैता अला इब्राहीमा व अला आलि इब्राहीमा इन्नका हमीदुम मजीद।

**अर्थ:**
ऐ अल्लाह! मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैह वसल्लम) पर और उनकी आल पर रहमत नाज़िल फरमा, जैसे तूने इब्राहीम (अलैहस्सलाम) पर और उनकी आल पर रहमत नाज़िल फरमाई। बेशक तू तारीफ वाला और बड़ाई वाला है।

فاتحہ مکمل ہوئی | फातिहा मुकम्मल हुई | Fatiha Complete